दिनांक-13मार्च2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर देवेंद्र यादव ने बजट की तैयारियों को लेकर विभाग प्रमुखों की ली बैठक

भिलाई नगर/ महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बजट की तैयारियों को लेकर महापौर कक्ष में गुरुवार को विभाग प्रमुखों की बैठक आहूत की जिसमें शहर के विकास कार्यों एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बजट में कई महत्वपूर्ण कार्यों को सम्मिलित करने के निर्देश दिए! श्री यादव द्वारा विभाग वार समीक्षा की गई जिसमें वर्तमान में चल रहे प्रगति रत कार्य एवं बजट में सम्मिलित किए जाने वाले कार्य शामिल है! जनता को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिलने वाले लाभ के विषय में विस्तार से चर्चा की गई! पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा,खेलकूद, सौंदर्यीकरण, विद्युत, वाहन, पेयजल, आवास आदि की गहन समीक्षा की गई! महापौर ने बारी-बारी से विभाग प्रमुखों के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं बजट के लिए प्रस्तुत किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए शहर के लिए आवश्यक अन्य जरूरी कार्यों को भी सम्मिलित करने कहा! बजट की तैयारियों के बैठक में अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह, उपायुक्त तरुण पाल लहरें, लेखा अधिकारी जितेंद्र ठाकुर, जोन आयुक्त, विभागों के प्रमुख मौजूद रहे!